# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| हरि भूमि | 2-12-25 | 3 | 7-8 |

# अफगानिस्तान की छात्रा ने एचएयू से की पीएचडी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

अफगानिस्तान की छात्रा खातेरा क्याने ने हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के मृदा विज्ञान विभाग से पीएचडी की है। छात्रा ने सोमवार को कुलपति से मुलाकात की और पीएचडी करने पर कुलपति, विश्वविद्यालय प्रशासन, शिक्षकगण और अपने मुख्य सलाहकार का धन्यवाद किया। कुलपति प्रो. बीआर म्बोज ने बधाई देते हुए छात्रा के उज्जवल भविष्य की कामना की। छात्रा खातेरा ने विश्वविद्यालय द्वारा उपलब्ध करवाए गए उत्कृष्ट शैक्षिणक वातावरण, प्रयोगशाला सुविधाओं तथा निरंतर मार्गदर्शन करने वाले वैज्ञानिकों का आभार प्रकट किया। खातेरा क्याने



हिसार। खातेरा क्याने को पीएचडी की डिग्री देते वीसी प्रो . बीआर कम्बोज।

ने कहा कि वह अपने शोध कार्यों को अफगानिस्तान की कृषि व्यवस्था एवं प्रबंधन में लागू करने का हर संभव प्रयास करेंगी। उन्होंने कहा कि यह शोध न केवल शैक्षणिक उत्कृष्टता का प्रतीक है, बल्कि यह अफगानिस्तान और समान भौगोलिक क्षेत्र के किसानों के लिए व्यावहारिक समाधान भी प्रदान करता है।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| पंजाब केसरी | 2-12-25 | 4 | 7-8 |

## अफगानिस्तान छात्रा ने पी.एच.डी. की



*कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज के साथ छात्रा खातेरा क्याने।*

हिसार, 1 दिसम्बर (ब्यूरो): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के मृदा विज्ञान विभाग से पी.एच.डी. करने पर अफगानिस्तान की छात्रा खातेरा क्याने को विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने बधाई दी। छात्रा ख़ातेरा ने कहा कि वह अपने शोध कार्यों को अफगानिस्तान की कृषि व्यवस्था एवं प्रबंधन में लागू करने का हर संभव प्रयास करेंगी। उन्होंने कहा कि यह शोध न केवल शैक्षणिक उत्कृष्टता का प्रतीक है, बल्कि यह अफगानिस्तान और समान भौगोलिक क्षेत्र के किसानों के लिए व्यावहारिक समाधान भी प्रदान करता है। गौरतलब है कि खातेरा क्याने ने शैक्षणिक सत्र 2019-20 में एम.एस.सी. करने के लिए हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में दाखिला लिया था। एम.एस.सी. करने के पश्चात उन्होंने वर्ष 2021 में पी.एच.डी. में प्रवेश लेकर अपनी डिग्री को 2025 में पूरा किया।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक भास्कर | 2-12-25 | 5 | 7-8 |

# अफगानिस्तान की शोधार्थी ने हरियाणा की प्रमुख मृदा श्रेणियों पर किया रिसर्च

## एचएयू के मृदा विभाग से पूरा किया अपना शोध

भास्कर न्यूज | हिसार

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के मृदा विज्ञान विभाग से अफगानिस्तान की छात्रा खातेरा क्याने ने हरियाणा की प्रमुख मृदा श्रेणियों में एनपीके के सुक्ष्म जीवी गुणों का वितरण और उनके उत्सर्जन व्यहवार पर शोधकार्य पूरा किया है। पीएचडी के दौरान उनके मुख्य सलाहकार डॉ. रोहताश कुमार रहे।



हकृवि की शोधार्थी खातेरा क्याने को सम्मानित करते कुलपति।

खातेरा क्याने ने कहा वह अपने शोध कार्यों को अफगानिस्तान की कृषि व्यवस्था एवं प्रबंधन में लागू करने का हर संभव प्रयास करेंगी। उन्होंने कहा यह शोध न केवल शैक्षणिक उत्कृष्टता का प्रतीक है, बल्कि यह अफगानिस्तान और समान भौगोलिक क्षेत्र के किसानों के लिए व्यावहारिक समाधान भी प्रदान करता है। खातेरा क्याने ने शैक्षणिक सत्र 2019-20 में एमएससी करने के लिए हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में दाखिला लिया था। एमएससी करने के पश्चात उन्होंने वर्ष 2021 में पीएचडी में प्रवेश लेकर अपनी डिग्री को 2025 में पूरा किया। पीएचडी की डिग्री को विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने बधाई दी। छात्रा खातेरा ने विश्वविद्यालय द्वारा उपलब्ध करवाए गए उत्कृष्ट शैक्षिणक वातावरण, प्रयोगशाला सुविधाओं तथा निरंतर मार्गदर्शन करने वाले वैज्ञानिकों का आभार प्रकट किया।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| समस्त हरियाणा न्यूज | 01.12.2025 | -- | |


# अफगानिस्तान छात्रा ने पीएचडी करने पर कुलपति एवं विश्वविद्यालय परिवार का जताया आभार

**हिसार 1 दिसम्बर।** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के मृदा विज्ञान विभाग से पीएचडी करने पर अफगानिस्तान की छात्रा खातेरा क्याने को विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। छात्रा ने भी पीएचडी करने पर कुलपति, विश्वविद्यालय प्रशासन, शिक्षकगण और अपने मुख्य सलाहकार का धन्यवाद किया। छात्रा खातेरा ने विश्वविद्यालय द्वारा उपलब्ध करवाए गए उत्कृष्ट




शैक्षिणक वातावरण, प्रयोगशाला सुविधाओं तथा निरंतर मार्गदर्शन करने वाले वैज्ञानिकों का आभार प्रकट किया। छात्रा ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय विद्यार्थियों के लिए विश्वविद्यालय में उपलब्ध सहयोगात्मक माहौल और सद्भावना ने उनके सम्पूर्ण शैक्षणिक अनुभव को समृद्ध बनाया है।

खातेरा क्याने ने कहा कि वह अपने शोध कार्यों को अफगानिस्तान की कृषि व्यवस्था एवं प्रबंधन में लागू करने का हर संभव प्रयास करेंगी। उन्होंने कहा कि यह शोध न केवल शैक्षणिक उत्कृष्टता का प्रतीक है, बल्कि यह अफगानिस्तान और समान भौगोलिक क्षेत्र के किसानों के लिए व्यावहारिक समाधान भी प्रदान करता है। गौरतलब है कि खातेरा क्याने ने शैक्षणिक सत्र 2019-20 में एमएससी करने के लिए हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में दाखिला लिया था। एमएससी करने के पश्चात उन्होंने वर्ष 2021 में पीएचडी में प्रवेश लेकर अपनी डिग्री को 2025 में पूरा किया। इस दौरान उनका थीसिज 'हरियाणा की प्रमुख मृदा श्रेणियों में एनपीके के सुक्ष्म जीवी गुणों का वितरण और उनके उत्सर्जन व्यहवार' था। पीएचडी के दौरान उनके मुख्य सलाहकार डॉ. रोहताश कुमार रहे।